गोपनीय

योगेश चन्द्र
विशेष सचिव

38/अर्द्व0शा0प0सं0-22(10)2014/का-1-2014
उत्तर प्रदेश शासन
कार्मिक अनुभाग-1
लखनऊ :: दिनांक 28 मार्च, 2014

प्रिय महोदय,

कृपया चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अंतर्गत महानिदेशक के पद पर चयन हेतु मुख्य सचिव महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 27.03.2014 को विभागीय चयन समिति की बैठक सम्पन्न हुई। चयन समिति द्वारा **डा0 कैलाश कुशवाहा** को महानिदेशक के पद पर पदोन्नति प्रदान किये जाने की संस्तुति की गयी है।

2. उपरोक्त प्रस्तर-1 में महानिदेशक के पद पर पदोन्नति हेतु संस्तुत अधिकारी चूँकि इसी चयन वर्ष में दिनांक 31.05.2014 को सेवानिवृत्त हो रहे हैं, अत: प्राप्त हो रही उक्त 01 परिणामी रिक्ति के सापेक्ष, पात्रता सूची के क्रमांक-2 पर अवस्थित अधिकारी **डा0 आभा हटवाल गैरोला** को महानिदेशक के पद पर पदोन्नति प्रदान किये जाने की भी चयन समिति द्वारा संस्तुति की गयी है।

3. उपरोक्त प्रस्तर-2 में महानिदेशक के पद पर परिणामी रिक्ति के सापेक्ष पदोन्नति हेतु संस्तुत अधिकारी चूँकि इसी चयन वर्ष में दिनांक 30.06.2014 को सेवानिवृत्त हो रही हैं, अत: प्राप्त हो रही इस 01 परिणामी रिक्ति के सापेक्ष, पात्रता सूची के क्रमांक-7 पर अवस्थित अधिकारी **डा0 लक्ष्मी धर शुक्ला** को महानिदेशक के पद पर पदोन्नति प्रदान किये जाने की भी चयन समिति द्वारा संस्तुति की गयी है।

4. चयन समिति द्वारा यह और भी संस्तुति की गयी है कि उपरोक्त संस्तुतियों के आधार पर पदोन्नति प्रदान करते हुए नियुक्त किये जाने के आदेश परिणामी रिक्तियों के वास्तविक रूप में उपलब्ध होने पर जारी किये जायेंगे।

5. चयन समिति की उपर्युक्त संस्तुतियों पर मा0 मुख्यमंत्री जी का अनुमोदन प्राप्त हो गया है।

6. अत: मुझे आपसे अनुरोध करने की अपेक्षा की गयी है कि कृपया चयन समिति की उपर्युक्त संस्तुतियों के अनुसार यथावश्यक अग्रतर कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,
ह0/-
(योगेश चन्द्र)

श्री प्रवीर कुमार,
प्रमुख सचिव,
चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन।

http://shasanadesh.up.nic.in